# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 10 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. मास्को स्टार वुशू चैंम्पियनशिप में राजस्थान के विहानराज सक्सेना ने 45 KG भार वर्ग में कौनसा मेडल जीता?

(a) गोल्ड मेडल

(b) ब्रांज मेडल

(c) सिल्वर मेडल

(d) इनमें से कोई नही

*◆5मास्को में राजस्थान के वुशू खिलाड़ी विहानराज सक्सेना ने 45 किलो भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता*

*◆ वुशू : मास्को चैंम्पियनशिप में राजस्थान को 8 पदक*

*◆स्थान: मास्को स्टार वुशू चैंम्पियनशिप (1–7 जून 2025)*

*◆कुल 8 पदक – 1 गोल्ड, 4 सिल्वर, 3 ब्रॉन्ज।*

*◆राजस्थान वुशू संघ अध्यक्ष हीरानंद कटारिया*

01. राजस्थान के ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से 'आपणो गांव, साफ सुथरो गांव' अभियान की शुरुआत कब से की जा रही है?

(A) 13 जून से

(B) 15 जून से

(C) 18 जून से

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦प्रदेश के ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के उद्देश्य से 13 जून से राज्य में 'आपणो गांव, साफ सुथरो गांव' अभियान की शुरुआत की जा रही है।

♦इस अभियान का शुभारंभ केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव कोटा जिले के रामगंज मंडी के मोडक गांव से करेंगे।

♦यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' को गति देने और प्रदेश के हर गांव को स्वच्छता की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

02.विकसित राजस्थान 2047' विजन डॉक्यूमेंट की समीक्षा हेतु स्टेट लेवल स्टीयरिंग कमेटी की बैठक कब आयोजित होगी?

(a) 20 जून को

(b) 10 जून को

(c) 15 जून को

(d) इनमें से कोई नही


GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 10 जून को मुख्यमंत्री निवास में राज्य के महत्वाकांक्षी 'विकसित राजस्थान 2047' विजन डॉक्यूमेंट की समीक्षा करेंगे।
- इस बैठक में शाम 4 बजे स्टेट लेवल स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता खुद मुख्यमंत्री करेंगे।
- बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और सचिव शामिल होंगे,
- इस बैठक का उद्देश्य राजस्थान को 2047 तक एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों और योजनाओं का अनुमोदन करना है।

03. राजस्थान का सबसे बड़ा और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त पहला पंचकर्म सेंटर कहां  बनकर तैयार हो चुका है?

(A) जोधपुर



(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ जोधपुर में राजस्थान का सबसे बड़ा और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त पहला पंचकर्म सेंटर तैयार हो चुका है। ♦जल्द ही इसका हैंडओवर आयुर्वेद विश्वविद्यालय को किया जाएगा। इसके बाद यहां पंचकर्म पद्धति से इलाज शुरू हो जाएगा।

♦ इसका सबसे बड़ा फायदा मेडिकल टूरिज्म क्षेत्र के तौर पर भी शहर को मिलेगा। इस केंद्र में निर्माण में करीब 44 करोड़ की लागत आई।

♦ यहां पर प्राकृतिक तरीके से पंचकर्म पद्धति के साथ ही अनिद्रा, लकवे की बीमारी, चर्म रोग सहित कई बीमारियों का अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया जाएगा।

♦ 100 से ज्यादा कुटीर, मेडिटेशन व योग सेंटर भी

04.भारत में जल शक्ति मंत्रालय के 'जल संचय, जनभागीदारी' अभियान में राजस्थान का कौन सा जिला पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा था?

(a) अजमेर

(b) भीलवाड़ा

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने 'जल संचय, जनभागीदारी' अभियान चलाया था, जिसमें भीलवाड़ा जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

♦ 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक सर्वाधिक काम करने वाले जिलों और प्रदेशों की रैंकिंग जारी की गई थी, जिसमें भीलवाड़ा ने दूसरा स्थान हासिल किया था।

♦मध्य प्रदेश का खंडवा जिला पहले स्थान पर रहा है

अभियान में राजस्थान का पूरे देश में तीसरा स्थान रहा था

**05.भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ द्वारा 14-19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ द्वारा 14-19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा।

♦इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग लेंगे।

♦ 18वीं राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता 21-23 मार्च, 2025 को पुष्कर में आयोजित की गई।

06.सहकार से समृद्धि योजना के तहत अन्न भंडारण योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए किस राज्य सरकार ने नई समन्वय एवं पर्यवेक्षण कमेटी का गठन किया है?

(A) उत्तरप्रदेश

(B) राजस्थान

(C) बिहार

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- सहकार से समृद्धि योजना के तहत अन्न भंडारण योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए राज्य सरकार ने नई समन्वय एवं पर्यवेक्षण कमेटी का गठन किया है।
- सहकारिता रजिस्ट्रार मंजू राजपाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार योजना के तहत प्रदेश में निर्माणाधीन गोदामों की प्रभावी मॉनिटरिंग और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कमेटी बनाई गई है।

**07.राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025 के तहत राज्य में कितने नए टेक्सटाइल पार्क विकसित होंगे**

(a) 4

(b) 7

(c) 5

(d) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

➥ राजस्थान सरकार ने प्रदेश में 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी-2025' लागू की है।राज्य में 'फाइबर से फैशन तक' के विजन के साथ यह नीति लागू की गई है।

♦इस नीति के माध्यम से 5 नए टेक्सटाइल पार्क विकसित करने के साथ ही, नई व विस्तारित हो रही परिधान निर्माण इकाइयों को सहायता दी जाएगी।

♦यह नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल एवं अपैरल विनिर्माण के नए केन्द्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। इस नीति में पर्याप्त और आकर्षक वित्तीय इन्सेंटिव्स के प्रावधान किए गए हैं

08.राजस्थान में 37 करोड़ रुपए की लागत से देश का पहला अत्याधुनिक सरकारी कार्डियक सेंटर बनकर कहां तैयार हो चुका है?

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) कोटा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान और देश भर के हृदय रोगियों के लिए अच्छी खबर है. जयपुर स्थित सवाई मान सिंह अस्पताल में 37 करोड़ रुपए की लागत से देश का पहला अत्याधुनिक सरकारी कार्डियक सेंटर बनकर तैयार हो चुका है.

♦इसे जल्द ही आम जनता के लिए शुरू किया जाएगा. यह सेंटर न केवल चिकित्सा सुविधाओं की दृष्टि से विशेष है, बल्कि इसका डिजाइन, निर्माण और संचालन भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है.

♦इसमें हृदय रोगियों के इलाज के लिए पांच कैथ लैब्स और चार अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर होंगे.

09.साल 2025 फ्रेंच ओपन पुरुष एकल खिताब किसने जीता?

(a) नोवाक जोकोविच

(b) कार्लोस अल्काराज़

(c) जानिक सिनर

(d) राफेल नडाल



**Important Facts:**

♦कार्लोस अल्काराज़ ने 2025 फ्रेंच ओपन के ऐतिहासिक फाइनल में जानिक सिनर को हराकर लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता।

♦ यह मुकाबला 5 घंटे 29 मिनट तक चला, जो फ्रेंच ओपन इतिहास का सबसे लंबा फाइनल था।

♦अल्काराज़ दो सेट से पीछे थे और तीन चैंपियनशिप पॉइंट्स बचाने के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की और पाँचवें सेट के टाईब्रेक में जीत दर्ज की।

♦कोको गॉफ ने 2025 फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में वर्ल्ड नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराया।

**10. हाल ही में, एडीबी ने भारत में शहरी बुनियादी ढांचे को नया रूप देने के लिए कितने साल की योजना की घोषणा की है?**

(a) 3 साल

(b) 5 साल

(c) 7 साल

(d) 10 साल

**Important Facts:**

- ♦हाल ही में, एशियाई विकास बैंक (ADB) के अध्यक्ष ने 10 बिलियन डॉलर के प्रस्तावित निवेश के साथ भारत के शहरी बुनियादी ढांचे को फिर से जीवंत करने के लिए 5 वर्षीय योजना की घोषणा की।
- ♦ इस पहल से भारत के शहरों में टिकाऊ और स्मार्ट विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।
- ♦ ADB की स्थापना 19 दिसंबर 1966 को हुई थी।

**Today, Quiz:**

**Q. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अपात्र व्यक्ति के स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए गिव अप' अभियान में राजस्थान का कौनसा जिला शीर्ष पर है?**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine